जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

राष्ट्रीय सेवा योजना

मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना

दिनांक 10 फरवरी 2023 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में आयुक्त परिवहन सड़क सुरक्षा विभाग जयपुर के पत्र क्रमांक 2322 दिनांक 3 फरवरी 2023 की अनुपालन में सड़क सुरक्षा व जागरूक क्लब, व राष्ट्रीय सेवा योजना के सयुंक्त तत्वाधान में मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना के प्रचार प्रसार के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ संजय भार्ग+व ने छात्राओं को अपने उद्बोधन में कहा कि इस समय पूरी दुनिया में सड़क दुर्घटना के कारण मृत्यु हो जाने वाले लोगों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इसका मुख्य कारण दुर्घटनाग्रस्तो को सही समय पर अस्पताल ना ले जाना है। इसी बिंदु को ध्यान में रखते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री जी ने अपने राज्य में मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना की शुरुआत की है।हमें इस तरह की योजनाओं के प्रति जागरूक होना चाहिए और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करना चाहिए | इसी क्रम में कार्यक्रम में उपस्थित सहायक आचार्य निमिष आर्य ने बताया कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना के माध्यम से सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले को सम्मान के रूप में ₹5000 की इनाम (पुरस्कार) राशि दी जाती है। साथ ही उन्हें प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है। इस पुरस्कार राशि प्राप्त करने के लिए इस बात की पूरी जानकारी कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर को देनी होगी। जिसके बारे में वीडियो चलाकर वीडियो के माध्यम से जानकारी दें वीडियो के माध्यम से दी गई | इस योजना की संपूर्ण जानकारी छात्राओं को वीडियो के माध्यम से समझाई गई। कार्यक्रम का संचालन प्रीति बेरवा प्रभारी राष्ट्रीय सेवा,सड़क सुरक्षा व जागरूक क्लब तथा क्लब के सदस्य डॉ सरिता खंडेलवाल व डॉ ममता चौधरी के द्वारा किया गया | कार्यक्रम में डॉ विजय देवड़ा डॉ पूनम जयसवाल एवं डॉ जागृति मीणा उपस्थित रहे |

15/05/2023
Preeti Bairwa
Programme Officer (NSS Unit)
Janki Devi Bajaj Govt. Girls College Kota
कार्यक्रम अधिकारी

15/05/2023
Preeti Bairwa
कार्यक्रम अधिकारी
Programme Officer (NSS Unit)
Janki Devi Bajaj Govt. Girls College Kota